दिन– मंगलवार

दिनांक– 16 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– एनडीए सरकार बिहार, पश्चिम बंगाल और असम को घुसपैठियों से मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

02. केन्द्र सरकार ने अररिया और सुपौल के परसरमा के बीच राष्ट्रीय उच्च पथ के निर्माण के लिए एक हजार पांच सौ सैंतालीस करोड़ रूपये मंजूर किये।

03. केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आकलन वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए आयकर रिटर्न भरने की समय सीमा आज रात बारह बजे तक के लिए बढ़ायी।

04. और, मौसम विभाग ने आज गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एनडीए सरकार बिहार, पश्चिम बंगाल और असम को घुसपैठियों से मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्णिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने अवैध घुसपैठियों के कारण सीमांचल और पूर्वी क्षेत्र में जनसांख्यिकी बदलाव से उत्पन्न संकट का उल्लेख किया।

———बाईट———

श्री मोदी ने वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों का बचाव करने के प्रयास के लिए विपक्षी गठबंधन की आलोचना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी गांरटी है कि घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और पूरा देश इसके परिणाम देखेगा।

———बाईट———

हाल में घोषित अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे दैनिक उपयोग की अधिकांश चीजों की दरें कम हो जायेंगी।

———बाईट———

इससे पहले प्रधानमंत्री ने चालीस हजार करोड़ रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया। इनमें नवनिर्मित पूर्णिया हवाई अड्डा, राष्ट्रीय मखाना बोर्ड, भागलपुर के पीरपैंती में दो हजार चार सौ मेगावाट की ताप बिजली परियोजना, कोसी–मेची अंतर्राज्जीय नदी संपर्क परियोजना का पहला चरण, विभिन्न रेल परियोजनाएं तथा नई वंदे भारत और अमृत भारत रेलगाड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना करना शामिल हैं।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से, वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी में अगली पीढी के सुधारों की घोषणा की थी। इस महीने की तीन तारीख को जीएसटी परिषद ने आम लोगों की जीवन सुगमता के लिए कई क्षेत्रों में कर कटौती की थी। आज, एक नज़र कृषि क्षेत्र में जीएसटी सुधारों पर–

–––रिपोट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्र सरकार ने अररिया और सुपौल के परसरमा के बीच राष्ट्रीय उच्च पथ के निर्माण के लिए एक हजार पांच सौ सैंतालीस करोड़ रूपये मंजूर किये हैं। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। यह परियोजना सुपौल, पिपरा, त्रिवेणीगंज और रानीगंज जैसी घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में बाईपास के साथ बनायी जायेगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आकलन वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब रिटर्न आज रात बारह बजे तक भरे जा सकेंगे। आयकर विभाग ने कल देर रात सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि मूल रूप से इकतीस जुलाई थी, जिसे बढ़ाकर पन्द्रह सितम्बर किया गया था। विभाग ने बताया कि आकलन वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए सात करोड़ से अधिक रिटर्न भरे जा चुके हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

रेल मंत्रालय ने कहा है कि पहली अक्टूबर से सामान्य आरक्षण शुरू होने के पहले पन्द्रह मिनट के दौरान, केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही आई.आर.सी.टी.सी. की वेबसाइट और उसके ऐप के माध्यम से टिकट बुक कर सकेंगे। वर्तमान में, यह पाबंदी केवल तत्काल बुकिंग पर लागू है। हालाँकि, मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान में भारतीय रेलवे के कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली काउंटरों के माध्यम से सामान्य आरक्षित टिकटों की बुकिंग के समय में कोई बदलाव नहीं होगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

कर्मचारी चयन आयोग ने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा–दो हजार पच्चीस रद्द किए जाने की सोशल मीडिया में आ रही खबरों का खंडन किया है। यह भर्ती परीक्षा पूरे देश में सभी केन्द्रों पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चल रही है। आयोग ने परीक्षार्थियों को आश्वस्त किया कि परीक्षा प्रक्रिया सुचारू रहेगी। इस महीने की बारह

तारीख से शुरू हुई परीक्षा छब्बीस सितम्बर तक चलेगी। आयोग ने बताया कि लगभग तीन लाख उम्मीदवार परीक्षा दे चुके हैं केवल कुछ शिफ्ट में व्यवधान आया है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार प्रगति और परिवर्तन के लिए लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज नवीकरणीय और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में सकारात्मक बदलावों के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यों का उल्लेख किया जा रहा है।

———कैप्सूल———

———————————————————————

महादलित विकास मिशन के तहत संविदा पर कार्यरत विकास मित्रों को दुर्घटना बीमा समेत अन्य बीमाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए अनुसूचित जाति और जनजाति कल्याण विभाग ने बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब नेशनल बैंक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। समझौते के तहत विकास मित्रों को दस लाख रूपये से एक करोड़ रूपये तक का बीमा लाभ मिलेगा।

———————————————————————

सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा है कि राज्य के पांच सौ उनतीस प्रखंडों में तरकारी आउटलेट खोले जायेंगे। पटना में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि इन प्रखंडों में प्राथमिक सब्जी उत्पादक समितियों को गठन किया जा चुका है।

———————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, सीवान, सारण, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

———————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव आज जहानाबाद से पांच दिवसीय बिहार अधिकार यात्रा की शुरूआत करेंगे। इस रैली का समापन बीस सितम्बर को वैशाली में होगा। श्री यादव ने कहा कि नया बिहार बनाने के संकल्प के साथ इस यात्रा की शुरूआत करेंगे।

———————————————————————

अररिया जिले के फुलकाहा थाना के दारोगा राजीव रंजन मल्ल की हत्या के मामले में निचली अदालत ने सभी अठारह आरोपियों को दोषी करार देते हुये आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इन सभी पर बीस–बीस हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। राजीव रंजन मल्ल की पिछले वर्ष पीट–पीट कर हत्या कर दी गयी थी।

———————————————————————

मधुबनी जिले के हरलाखी थाना क्षेत्र अन्तर्गत फुलहर गांव से पुलिस ने एक सौ इक्कीस किलो से अधिक गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पूर्णिया आगमन से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है– घुसपैठियों को हर हाल में बाहर जाना होगा।

दैनिक भास्कर इसी खबर को सुर्खी बनाने हुये लिखता है– घुसपैठ, भ्रष्टाचार और विपक्ष पर प्रधानमंत्री का प्रहार, मोदी ने बिहार को चालीस हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात दी।

दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– बिहार एसआईआर में कानूनी रूप से कोई गड़बड़ी मिली तो कर देंगे रद्द।

प्रभात खबर की सुर्खी है– वक्फ एक्ट पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इंकार।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– एसआईटी ने वनतारा को क्लीन चिट दी।

आज अखबार लिखता है– सुप्रीम कोर्ट का यूजीसी को निर्देश–रैंगिंग और जातिगत भेदभाव के मामले से निबटने पर किया जाए विचार।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– एनडीए सरकार बिहार, पश्चिम बंगाल और असम को घुसपैठियों से मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

02. केन्द्र सरकार ने अररिया और सुपौल के परसरमा के बीच राष्ट्रीय उच्च पथ के निर्माण के लिए एक हजार पांच सौ सैंतालीस करोड़ रूपये मंजूर किये।

03. केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आकलन वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए आयकर रिटर्न भरने की समय सीमा आज रात बारह बजे तक के लिए बढ़ायी।

04. और, मौसम विभाग ने आज गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।